दिनांक : 29.09.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता एशिया कप टी-20 क्रिकेट का खिताब। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री ने कहा-सिंहस्थ 2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव देखेगी पूरी दुनिया। उज्जैन में 370 करोड़ रूपयों के विकास कार्यो की दी सौगात।
- मुख्यमंत्री आज हरदा में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 20 हजार से अधिक स्कूलों को राशि का करेंगे अंतरण।
- नवरात्र पर्व पर प्रदेश के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी।

क्रिकेट- एशिया कप परिणाम

भारत ने कल रात एशिया कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर जीत लिया है। दुबई में खेल गए मैच में पाकिस्तान के 147 रन के जवाब में, भारत ने पांच विकेट खोकर 19.4 ओवर में जीत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। शिवम दुबे ने 33 और संजु सैमसन ने 24 रन बनाए। इससे पहले, पाकिस्तान की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई थी। कुलदीप यादव ने भारत की ओर से चार विकेट लिए। भारत के रिकॉर्ड 9वीं बार एशिया कप का खिताब जीतने के पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है। राष्ट्रपति ने भविष्य में भी भारतीय टीम का गौरव बने रहने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने एशिया कप टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान फाइनल की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करते हुए कहा कि नतीजा वही रहा और भारत जीत गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों नेअपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

मैच के बाद भारतीय टीम ने विजेता ट्राफी नहीं ली । टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी से विजेता ट्रॉफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया। मोहसिन नक़वी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं।

लता मंगेशकर सम्मान- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से विभूषित किया। संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वर से भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। उनके नाम पर दिया जाने वाला यह सम्मान अद्वितीय है। अलंकरण के पश्चात संगीत संध्या का आयोजन हुआ जिसमें लोकप्रिय पार्श्व गायक अंकित तिवारी एवं उनके दल ने प्रस्तुतियां दीं।

सिंहस्थ-2028- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव पूरी दुनिया देखेगी। मुख्यमंत्री कल उज्जैन में नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन के भूमिपूजन के कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय का भवन 7 मंजिला बनेगा। उन्होंने बताया कि उज्जैन को लगभग 370 करोड़ लाख लागत के 11 विकास कार्यों की सौगात मिली है। डॉ. यादव ने कहा कि शिप्रा नदी पर लगभग 30 किलोमीटर लंबे नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुराने घाटों का उन्नयन कर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने इस बार सोयाबीन खरीदी के लिए "भावांतर योजना" में किसानो से 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पंजीयन कराने की अपील की है।

सेवा पर्व - किसान सम्मान

आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला- "सेवा पर्व" में आज हम बता रहे हैं कि कैसे नरेन्द्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के किसानों को सशक्त बनाया है।

वीओ- सेवा पर्व, दिल्ली

भारत सदियों से खेती किसानी का देश रहा है। आज भी देश की बड़ी आबादी खेती किसानी पर ही निर्भर है। अन्न भंडार भरने वाले किसानों को आए दिन कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसनों की इन्हीं परेशानियों को समझा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और उनकी तरफ बढ़ाया मदद का हाथ और 1 दिसंबर 2018 के दिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की घोषणा की गई। जिसकी शुरुआत 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से हुई तब प्रधानमंत्री ने कहा था

अब किसानों को बीज खरीदने के लिए, खाद खरीदने के लिए, दवा खरीदने के लिए, बिजली का बिल भरने के लिए, खेती से जुड़ी ऐसी अनेक जरूरतों के लिए परेशान नहीं होना होगा। केंद्र सरकार हर साल जो 6 हजार रुपये सीधे आपके बैंक खाते में ट्रांसफर करेगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अब तक की सबसे बड़ी लोक कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत किसानों को हर चार महीने बाद दो हजार रुपये की रकम दी जा रही है। जिसे सीधे उनके खाते में ट्रांसफर किया जाता है। इस योजना के हर लाभार्थी को पूरी की पूरी रकम मिल जाती है। सालाना 6 हजार रुपये की इस मदद से किसानों को खेती किसानी के काम में बहुत सहूलियतें हुई हैं।

योजना से किसानों की जिंदगी में आए बदलाव को लेकर राष्ट्रीय कृषि आर्थिक नीति एवं अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉक्टर खेमचंद का कहना है

नब्बे परसेंट किशान अभी छोटे और सीमांत किसान हैं। तो निश्चित रूप से जो छोटे-छोटे कैश की रिक्वायमेंट है वो बीज लाना है, थोड़ा खाद लाना है, दवाई लानी है, उनकी जरूरतें पूरी हो जाती हैं और किसी के पास उनको उधार लेने की जरूरत नहीं है।

किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 21 किस्तों में तीन लाख 90 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम सीधे किसानों की खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। जिससे किसानों की जिंदगी आसान हुई है।

हम काश्तकारों को बहुत बढिया फायदा मिल रहा है जैसे समय पर हम दवाई लाएंगे, समय के ऊपर हम निराई, गुड़ाई का जो पैसा खर्च होगा वो मिलेगा हमको और जो भी फर्टिलाइजर लाएंगे उससे हमारे को बहुत बेनिफिट मिलेगा और माननीय प्रधानमंत्री जी ने जो यह हमारे को सम्मान के रूप में दिया उसके लिए हम उनको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहेंगे।

किसान सम्मान निधि वही बादल है जो अन्नदाताओं की जिंदगी में नई फुहार बनकर आया है और जिसकी वजह से देश का अन्नदाता माटी से फल स्वरूपी सोना लगातार उगा रहा है।

मुख्यमंत्री-हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। प्रदेश में निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की वर्ष 2023-24 की 8 लाख 45 हजार बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति होगी। मुख्यमंत्री साथ ही विकास कार्यों का भूमि-पूजन, लोकार्पण और जन-कल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी करेंगे।

अच्छी खबर-शिवपुरी

प्राकृतिक खेती को लेकर प्रदेश में गांव-गांव तक प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पिछले दिनों शिवपुरी में कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का संदेश देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। और जानकारी हमारे शिवपुरी संवाददाता से ...

पीटीसी- 1

शिवपुरी जिले में कृषि सखियां बनाकर सरकार अब प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। शिवपुरी में कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से यह पहल की जा रही है। इसके लिए पिछले दिनों कृषि विज्ञान केंद्र पर 50 कृषि सखियों को भारत सरकार के राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय यह प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण लेने वाली नरवर विकासखंड के ग्राम करई की कृषि सखी रामसखी रावत ने बताया कि----

पीटीसी- 2
कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एमके भार्गव ने बताया कि कृषि सखियों ने चयनित क्लस्टर के गांवों में प्राकृतिक खेती की शुरूआत पोषण वाटिका के रूप में करेंगी।

पीटीसी- 3
प्रशिक्षण लेने वाली कुछ सखियां अपने क्षेत्र में खेत चयनित कर आगामी रबी मौसम से प्राकृतिक खेती शुरू करेंगी। इन साखियों को कृषि साहित्य भी उपलब्ध कराया है ताकि प्राकृतिक खेती करने में इन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

जीएसटी
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोगों को राहत मिली है।

वीओ -दृष्टि पुनियानी
परिवारों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसमें छोटे बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादों पर जीएसटी कर को घटाकर आम आदमी को राहत दी गई है। नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत कई आवश्यक चाइल्ड केयर उत्पादों जैसे दूध की बोतलें, नैपकिन और शिशुओं के लिए नैपकिन लाइनर पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह नवजात शिशु के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अल्ट्रा हाई टेंप्रेचर दूध पर जीएसटी हटा दिया है। इसके साथ ही थर्मामीटर पर जीएसटी 18 प्रतिश से घटकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे शिशुओं के स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुएं सस्ती होंगी और युवा परिवारों को अधिक राहत मिलेगी। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए वाराणसी उत्तर प्रदेश के निवासी कोमल ने जीएसटी दरों को कम करने के लिए सरकार के फैसले की सराहना की और कहा कि नई जीएसटी दरों से आम जनता के लिए छोटे बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं खरीदना अब और भी किफायती हो जाएगा।

सरकार ने जो नए जीएसटी स्ट्रक्चर में टैक्स रेट को कम किया है इससे आम जनता को काफी फायदा होगा। नए जीएसटी रिफॉर्म्स के चलते अब लोगों को चाइल्ड केयर प्रोडक्ट जैसे बच्चों के डायपर, नैपकिन, दूध की बोतलें और सस्ते रेट पर मिल सकेगा।

इस महीने की 21 तारीख को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम अपने संबोधन में देशवासियों से घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं, स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील भी की। रोहन के साथ दृष्टि पुनियानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

नवरात्रि पर्व

प्रदेश में नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी है। आज मां कालरात्रि की उपासना की जा रही है। मैहर की मां शारदा, उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर में विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। भोपाल में दुर्गा उत्सव, चल समारोह को लेकर तैयारियां की जा रही है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ा दी गयी है। विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ आज से 10 अक्टूबर तक आवेदन पोर्टल पर किए जा सकेंगे।
- राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और राज्य सरकार द्वारा आज संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में कैपेसिटी-बिल्डिंग और जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होगा।
- झाबुआ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान“ के अंतर्गत कल  सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झकनावदा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने किया।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और धार, जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

-------

&&&&&&&